हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 मई 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

10 स्पैरो ने किया टैक्स घोटाला, रकम लेकर करदाताओं को नहीं दी रसीद




12 विधायक दीपेश के नेतृत्व मे भाजपाइयों ने किया ...



## खबर संक्षेप

### कम से कम एक घंटा दिया जाए पानी

**बालोद।** भाजपा नेता संजीव जाजू ने भीषण गर्मी के दौर में पानी की समस्या पर चिंता जताई है।



उन्होंने नगर प्रशासन से पानी की भरपूर व्यवस्था कर समस्या अतिशीघ्र दूर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के कारण पीने के साथ ही घरेलू जरूरत तथा कूलर आदि के लिए की पानी की खपत बढ़ गई है। पारा 40–42 डिग्री होने पर लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है, लेकिन ऐसी स्थिति में भी गुण्डरदेही में नल से केवल 20 मिनट ही पानी मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह नगर पंचायत से नल के माध्यम से 1 घंटा पानी दिया जाए। भरपूर पानी की व्यवस्था के लिए नदी से वाटर फिल्ट्रेशन कार्य शुरू किया जाए। टैंकरों की संख्या में वृद्धि की जाए। इसके साथ ही उन्होंने मोटर पंप से या बोर से प्रत्येक वार्ड खासकर गुण्डरदेही के 10, 11, 12, 13, 14, 15 में पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

### विश्व रेडक्रास दिवस पर 8 मई को होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** रेडक्रॉस सोसाइटी बालोद द्वारा 08 मई को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन नया बस स्टैण्ड स्थित रैन बसेरा में सुबह 08 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान व मतदाता मित्र बनकर सेवा देने वाले रेडक्रास के बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के चन्द्रशेखर पवार ने दी है।

### फैक्ट्री से 45 हजार रुपए का तांबा तार पार

**भिलाई।** फैक्ट्री का ताला तोड़कर तांबा चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ज्ञात के खिलाप धारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि नेहरुनगर निवासी संदीप अग्रवाल की लाइट इंडस्ट्रियल एरिया में अश्मिनि कंट्रोल्स के नाम से फैक्ट्री है। 27 अप्रैल की शाम 6 बजे काम बंद होने के बाद फैक्ट्री को बंद कर सभी अपने घर निकल गए थे। 29 अप्रैल की सुबह 7 बजे पड़ोस के गार्ड ने फोनकर जानकारी दी कि कंपनी के शटर का ताला टूटा है। कंपनी पहुचने पर देखा तांबे का तार करीब 4-5 बंडल वजन 250-300 कि.ग्रा का गायब मिला। जिसकी कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है।

### कुख्यात बदमाश जिला बदर

**भिलाई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी वे आदतन शातिर बदमाश मोहित सिन्हा को जिला बदर की कार्रवाई की गई है। आम जनता में अमन-चैन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत उक्त कार्रवाई की गई। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार वार्ड नंबर 02 राजीवनगर दुर्ग निवासी मोहित सिन्हा को राजस्व जिला दुर्ग और उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के भीतर हटने अथवा बाहर चले जाने कहा गया है। बदमाश मोहित को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकता है। एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के खिलाफ दुर्ग के विभिन्न थानों में कई अपराध पंजीबद्ध किए गए है। जिस आधार पर यह कार्रवाई की गई।

# मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर ली मतदान करने की शपथ

## मजदूर दिवस के अवसर पर मतदाता जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 50 हजार से ज्यादा श्रमिकों ने लिया संकल्प

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत - प्रतिशत मतदान करने 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर जिले के समस्त जनपद पंचायत अंतर्गत कार्यरत मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर मतदाता जागरुकता स्वीप अन्तर्गत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। बताया जा रहा है कि जिले के लगभग 50 हज़ार श्रमिकों से ज्यादा मनरेगा में कार्य करने वाले श्रमिकों ने मतदान करने का संकल्प लिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प चुनाव का पर्व - देश का गर्व के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरुकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता अपने मताधिकार का शत- प्रतिशत उपयोग करें इस उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिले के लगभग 50 हज़ार श्रमिकों से ज्यादा मनरेगा में कार्य करने वाले श्रमिकों ने मतदान करने की शपथ ली। श्रमिकों का उत्साह देखते बन रहा था। इस दौरान श्रमिकों ने मतदाता ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम स्वयं जागरूक रहकर मतदान करेंगे ।



### मतदान के लिए प्रेरित करेंगे

साथ ही अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए अफसरों ने कहा कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्रात्मक प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्हें अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा तथा बिना किसी भय व लोभ के निष्पक्ष मतदान करने की बातें कहीं ।

## पहल : हॉटल, ढाबा के सामने वाहन न लगाने संचालकों को दी हिदायत

# पुलिस ने चलाया जांच अभियान, नियमों का उल्लंघन करते 17 मालवाहकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पुलिस प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए पिकअप, मालवाहक, माजदा वाहन सहित 17 वाहनों पर जहां कारवाई किए वहीं नो पार्किंग, हॉटल, ढाबा के सामने वाहन न खड़ी करने की हिदायत देते हुए संचालकों को पार्किंग बनाने का निर्देश दिया। पार्किंग व्यवस्था नहीं करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर जिले के थाना, चौकी क्षेत्रों में अनाधिकृत रूप से मालवाहक वाहनों में सवारी लेकर चलने एवं शराब पीकर वाहन चलाने, सड़क के किनारे बिना सूचक दिए रोड में गाड़ी खड़ी करने से होने वाली दुर्घटनाओं में रोक लगाने पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस विशेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पिकअप, मालवाहक, ओवरलोड वाहनों एवं रोड किनारे खड़े वाहनों पर कार्यवाही किया गया। इसके अलावा हॉटल/ढाबा के सामने रोड में वाहन खड़ी करने पर संचालकों को पार्किंग बनाने एवं हॉटल/ढाबा के सामने वाहन खड़ी न करने की हिदायत दी।



### यहां हुई कार्रवाई

यातायात एवं पुलिस चौकी देवकर में 03 पिकअप मालवाहक, मौके पर गाड़ी का कागजात पेश नही करने पर एवं 04 पिकअप मालवाहक, घातक तरीके से वाहन खड़ी करने 04 पीकअप मालवाहक व 02 माजदा नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी होने के साथ-साथ सवारी बैठाकर ले जाने पर 04 पिकअप मालवाहक चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कारवाई किया।

### पुलिस ने की अपील

बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील जारी कर कहा कि वे यातायात नियमों का पालन करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, नो पार्किंग में वाहन खडी न करें। हाटल, ढाबा के समने रोड किनारे वाहन खडी ना करें, पार्किंग स्थल पर ही वाहन खडी करें। अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। और वाहन चालकों को बताया कि वाहन में नंबर नही लिखें होने पर समन शुल्क लिया जाता है। इसलिए बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग नहीं करने की जानकारी दी। पुलिस ने कहा वे आमजनों के सहायता के लिये है।

# चुनाव ट्रेनिंग से गायब शिक्षक को कलेक्टर ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु पीठासीन / मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारी अरविन्द कुमार वर्मा, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंगियाकला, विकासखंड साजा को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने और कारण बताओ नोटिस का जवाब ना देने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

गत माह 9, 12 और 15 अप्रैल को पीठासीन / मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमें अरविंद कुमार व्यायाम शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित थे। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, किन्तु उनके द्वारा कारण बताओं नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के विरूध्द माना गया। अरविन्द कुमार वर्मा, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंगियाकला, विकासखंड साजा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम (9) एवं (10) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, साजा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### स्वीप अन्तर्गत आज नगर में सायकल रैली

**बेमेतरा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न प्रचार माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय बेमेतरा में ज़िला स्तरीय मतदाता जागरूकता (स्वीप) अन्तर्गत आज 2 मई को सायकल व दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया है। ज़िला प्रशासन ने कहा कि जो सायकल के अलावा दो पहिया वाहन लेकर शामिल होने वाले हों वे हेलमेट के साथ रैली में शामिल हों। रैली सुबह 7 बजे जय स्तम्भ चौक से शुरू होगी जो शहर के मुख्य चौक-चौराहों से गुजरेगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से रैली में शामिल होने की अपील की है।

# कलेक्टोरेट परिसर में धारा 144 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टोरेट परिसर में शांति व कानून व्यवस्था समेत सुरक्षा बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आदेश जारी कर आगामी दो महीने के लिए 01 मई 2024 से 01 जुलाई 2024 तक धारा 144 पुनः लागू किया है। उल्लेखनीय है की पहले 01 मार्च 2024 से 01 मई 2024 ( दो माह) तक धारा 144 लागू किया था।

कलेक्टोरेट परिसर में शांति व कानून व्यवस्था समेत सुरक्षा बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने आज ताजा आदेश जारी कर आगामी दो महीने के लिए 01 मई से 01 जुलाई 2024 तक धारा 144 पुनःलागू किया है। कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित हैं, जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन व महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के भीतर जुलूस-धरना पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

कलेक्टर ने आदेश में स्पष्ट तौर पर कहा है कि परिसर में प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन व महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। इसलिए परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था व सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सके। इस क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी व सुरक्षाकर्मी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, धारदार घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा। सभा, रैली, जुलूस आदि के पूर्व संबंधित क्षेत्र के एसडीएम से अनुमति लेनी होगी। लाउड स्पीकर के लिए भी अनुमति लेनी होगी। कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर 5 से अधिक व्यक्ति एकसाथ प्रवेश नहीं करेंगे। इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सेंट्रल फोर्स के अफसरों-जवानों को दी गई ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- लोकसभा चुनाव ड्यूटी पर आए हैं बाहर से अफसर और जवान

लोकसभा चुनाव व्यवस्थित, शांतिपूर्ण संपन्न कराने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों का पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुआ।





बुधवार एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू ने कृषि उपज मंडी बेमेतरा, ग्राम ढोलिया कृषि कॉलेज, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र ट्रेनिंग सेंटर कोबिया, आत्मानंद स्कुल नवागढ, प्री मैट्रीक छात्रावास नांदघाट, नगर पंचायत भवन साजा, अंबेडकर भवन साजा में केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों को प्रशिक्षण दिया। जिसमें आगामी लोकसभा 2024 चुनाव में पुलिस की कार्य योजना और पुलिस की ड्यूटी के बारे में जानकारी दी गई। पोलिंग बूथों में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन किये जाने के संबंध में केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व मध्य प्रदेश पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मध्य प्रदेश पुलिस एवं केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स, कमांडेंट पुरूषोत्तम, डिप्टी कमांडेंट अभिजीत काले, डिप्टी कमांडेंट बृजेश यादव, असिस्टेड कमांडेंट दिनेश राणा, असिस्टेड कमांडेंट इमरान खान, कंपनी कमांडर सी.पी. चौधरी, इंस्पेक्टर नरेश कुमार, इंस्पेक्टर श्रीराम उईके, इंस्पेक्टर राम बरन सिंह, थाना नवागढ प्रभारी उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू व मध्य प्रदेश पुलिस एवं केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

## विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

# न्यायालय भवन के निर्माण में लगे श्रमिकों को दी श्रम कानून संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार आज विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री एवं पदेन सचिव व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार उपाध्याय की उपस्थिति में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन कर श्रम कानून की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास की कहानी श्रमिकों के बिना हमेशा अधूरी रहेगी। जब किसी भवन या इमारत का निर्माण होता है तो नींव के पत्थर की तरह उसमें काम करने वाले श्रमिकों का श्रम ही अनदेखा रह जाता है, लेकिन कोई भी भवन या विकास श्रमिकों के परिश्रम के बिना संभव नहीं है। प्रधान जिला न्यायाधीश ने न्यायालय भवन के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का धन्यवाद किया और श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार उपाध्याय श्रमिकों से संबंधित विधिक अधिकारों और विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री हेल्प लाइन नं. 15100 के बारे में जानकारी दी।



### जिले भर में पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा दी गई श्रम कानूनों की जानकारी

विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स सोनिया राजपूत, देवेन्द्र यादव, चेतन साहू, स्वाति कुंजाम एवं मनोज शर्मा अधिवक्ता एवं दिनेश साहू अधिवक्ता ने ग्राम लालपुर में स्थित पोल्ट्री फार्म में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। श्रम कानूनों की जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल दुनिया भर में 1 मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। जिसके संबंध में बताया गया कि देश की उन्नति समृद्धि खुशहाली में श्रमिकों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही अन्य स्थानों कोदवा, राखीजोबा, बीज भंडार नांदघाट, बस स्टैण्ड नांदघाट, कुसमी में भी श्रमिक दिवस मनाया गया

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बालक की मौत

**गुरूर।** नवनिर्मित मकान की छत पर पानी तराई कर रहे नाबालिग बालक की करंट लगने से मौत हो गई। बालक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। घटना जिले के गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम खर्रा की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खर्रा निवासी राहुल चौधरी, जिसने इस साल कक्षा 9वीं की परीक्षा दी, मंगलवार शाम अपने नवनिर्मित मकान की छत पर चढ़कर पानी डाल रहा था। इस दौरान व छत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। हाईटेंशन तार की चपेट में आने से वह बुरी तरह से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने उसे तत्काल धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक राहुल ग्राम खर्रा निवासी एवेंद्र चौधरी और खिलेश्वरी चौधरी का इकलौता बेटा था, उनकी एक बड़ी बहन है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### आसाराम बापू का मनाया 88 वां अवतरण दिवस

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू का 88 वा अवतरण दिवस बेलौदी आश्रम दुर्ग में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात सुबह 9 बजे गुरु वंदना से हुआ। पश्चात गुरु पादुका पूजन, सदगुरु देव जी के मंगल मय स्वास्थ्य के लिए हवन पूजन भजन कीर्तन, सत्संग किया गया। बापू के शिष्य अपने सदगुरु का अवतरण दिवस विश्व सेवा सत्संग दिवस के रूप में मनाए। कार्यक्रम में बेलौदी गांव के अलावा और भी जगह के लोग शामिल हुए। आश्रम के बाहर प्रसाद हलवा और शर्बत का वितरण किया गया। समिति द्वारा बताया गया कि देश भर के 450 बापू के आश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### भ्रामक प्रचार, निर्वाचन आयोग से हुई शिकायत



**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर महतारी वंदन योजना को लेकर किए जा रहे भ्रामक प्रचार की शिकायत निर्वाचन आयोग से किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने निर्वाचन आयोग को बताया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा झूठा एवं भ्रामक प्रचार किया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही महतारी वंदन योजना लोकसभा चुनाव के बाद बंद कर दी जाएगी। बिना किसी ठोस तथ्य के झूठा एवं भ्रामक प्रचार-प्रसार करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इसलिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर निर्वाचन आयोग को तत्काल कार्यवाही करना चाहिए क्योंकि ऐसे बिना सबूत झूठे तथ्य फैलाने से मतदान प्रभावित होने की आशंका है। भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि भाजपा सरकार इस योजना को बंद करने की कोई मानसिकता नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा फैलाई जा रही बातें पूर्ण रूप से निराधार है।

### धर्मेश बने दुर्ग ग्रामीण जियुकां के उपाध्यक्ष



**दुर्ग।** जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख ने अपनी टीम का विस्तार किया किया है। उन्होंने धर्मेश देशमुख को जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इससे पहले धर्मेश देशमुख जिला युवा कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण के सचिव पद पर पदस्थ थे। धर्मेश देशमुख के दुर्ग जिला युवक कांग्रेस ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष बनने पर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। धर्मेश सबसे कम उम्र के युवा दावेदार थे। उन्हें युवाओं के साथ-साथ कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी है। धर्मेश ने जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख के साथ-साथ संगठन के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवाओं का आभार व्यक्त किया है।

### सामग्री वितरण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत दुर्ग जिले में सामग्री वितरण हेतु तीन स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। तीन स्थलों शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, मानस भवन एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग, साईंस कॉलेज दुर्ग पर सामग्री वितरण के संपूर्ण प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 63. दुर्ग ग्रामीण एवं 67 अहिवारा के लिए नोडल अधिकारी नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा को नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन, 64 दुर्ग शहर, 68 साजा आंशिक, 69 बेमेतरा आंशिक के लिए नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकर, विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर के लिए नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त देवेश व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# भीषण गर्मी ने किया हलाकान, धूप चढ़ते ही शहर की सड़कें हो रहीं सूनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश में आंधी, बारिश के बीच मंगलवार से तापमान बढ़ गया है। मंगलवार का अधिकतम तापमान 42 तक पहुंच गया। जिसके चलते दोपहर होते ही शहर की सड़के और गलियां सूनी हो गई। लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले। जबकि, मौसम विज्ञानियों की मानें तो अभी भी कुछ स्थानों पर आधी, बारिश की संभावना बनी हुई है।

दुर्ग जिले में पिछले सप्ताह भर से तापमान 41 डिग्री से भी ऊपर चला जाता है। कभी अचानक बदली छा जाती है। तेज हवा के चलने से तापमान में गिरावट आ जाती है और अधिकतम तापमान 36-37 डिग्री तक चला जाता है। बारिश होने के कारण अप्रैल में अब तक अधिकतम तापमान 41-42 डिग्री के पार नहीं हुआ है।

बादल, बारिश और आंधी के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अप्रैल महीने में अक्सर तेज गर्मी रहती है। कई बार लू जैसे हालात भी बन जाते हैं। लेकिन, इस बार 5-6 दिन के अंतर में मौसम का ट्रेंड बदल रहा है। इस बार अप्रैल कूल है। कभी तेज धूप खिल जाती है, तो तापमान मैं अचानक बढ़ोतरी हो जाती है।

## दोपहर होते ही लोग घरों से निकलने कर रहे परहेज

**खास बातें**

- दुर्ग में पारा पहुंचा 42 डिग्री सेल्सियस
- लोग घरों में ही दुबक रहे, दोपहर में शहर में पसर रहा सन्नाटा
- स्वास्थ्य विभाग ने बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

### अप्रैल में नहीं चली लू

अप्रैल इस साल लगभग पिछले साल की अपेक्षा ठंडा रहा है। बारिश और बादलों की वजह से ज्यादातर दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य के आ पास या उससे नीचे रहा। एक-दो बार तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, लेकिन लू चलने की स्थिति नहीं बनी। मौसम विभाग ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों में फिर से नए सिस्टम बनने का अनुमान जताया है। इन सिस्टम की वजह से अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश हो सकती।




### तापमान में होगी वृद्धि

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 18 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर और चरम दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## घोटाला : कंपनी ने नहीं दिया दस्तावेज और तकनीकी जानकारी

# स्पैरो ने किया टैक्स घोटाला, रकम लेकर करदाताओं को नहीं दी रसीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्पैरो कंपनी द्वारा लाखों रुपए का टैक्स घोटाला किया गया है। नगर निगम के राजस्व अधिकारी जब मौके पर टैक्स की वसूली करने जा रहे हैं, उस दौरान इस बात का खुलासा हो रहा है कि कंपनी द्वारा करदाताओं से रकम लेने के बाद उन्हें रसीद नहीं दी गई है। इस तरह कंपनी द्वारा लाखों रुपए की आर्थिक अनियमितता किए जाने की आशंका जताई जा रही है। कंपनी के इस घोटाले के खुलासे के बाद नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार नगर निगम द्वारा 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया था लेकिन सप्ताह भर गुजार चुके हैं। कंपनी ने जवाब नहीं दिया है। अफसर ने बताया कि, 31 मार्च 2023 को समाप्त हो चुका है। लेकिन स्पैरो कंपनी द्वारा नगर निगम को दस्तावेज सहित टेक्निकल जानकारी और और नहीं किया गया है। कम्पनी का कार्यकाल 31/03/2024 तक समाप्त हो गया हैं। नगर पालिक निगम, दुर्ग से हुए अनुबंध अनुसार कम्पनी के कार्यकाल समाप्ति उपरांत अनुबंध अवधि से अनुबंध समाप्ति उपरांत तक का संपूर्ण डाटा प्रति वर्ष इस निकाय को उपलब्ध कराया जाना था। जिस हेतु निगम कार्यालय में पदस्थ मैनेजर, अधिकारी को इस निकाय द्वारा डाटा उपलब्ध कराये जाने हेतु लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया गया था। किन्तु कम्पनी के द्वारा आज दिनांक तक सम्पूर्ण डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया हैं। निगम के राजस्व अधिकारी, प्रोग्रामर द्वारा लगातार उच्च स्तर अधिकारी एवं आई०टी० के कर्मचारियों से दूरभाष में संपर्क किया गया। लेकिन कम्पनी द्वारा टैक्स से संबंधित डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया हैं।

## 4000 घरों का भी डाटा गायब, मांगा गया ब्यौरा

### निगम ने आठ बिंदु में मांगी जानकारी

नगर निगम द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि, दिया गया डाटा स्पष्ट नहीं है डाटा अपूर्ण हैं। लगभग 4000 मकानों का डाटा में उल्लेख नहीं हैं। बाकाया डिमांड में वर्ष की जानकारी नहीं हैं। (कितने वर्षों से करदाता बाकाया है), वही विगत सात वर्षों का सम्पूर्ण डाटा स्टेक्चर, बेकप डाटा के साथ उपलब्ध कराना और निगम क्षेत्रांतर्गत सम्पूर्ण भवन में लिये गये यूजर चार्ज का डिमांड में उल्लेख नहीं हैं। एवं भवन के उपयोगीता के अनुसार नहीं लिया गया हैं। करदाताओं के द्वारा प्रतिवर्ष वसुल की गई राशि एवं बकाया राशि की मद वार जानकारी इस निकाय को उपलब्ध कराया जायें। (वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 तक)।




### नोटिस जारी किए सप्ताहभर बीत गए

ठेका अवधि समाप्त होने के बाद कंपनी द्वारा निगम को करीब 20 लाख रुपए का हिसाब भी नहीं दिया गया है जो वित्तीय वर्ष के अंतिम 2 दिन में वसूल किए गए थे। इंतामम मामले को लेकर विगत 22 अप्रैल को पत्र प्राप्ति के 24 घण्टे के अंदर जानकारी प्रस्तुत करने निर्देश दिए गए थे। अन्यथा की स्थिति में निकाय के द्वारा की गई अनुबंध शर्तों का उल्लघन करने के कारण आपकी कम्पनी के विरूद्ध नगर पालिक निगम, अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित था, लेकिन अब तक निगम प्रशासन हाथ पैर हाथ धरे बैठी है।

### निगम की छवि हो रही धूमिल

वर्तमान में निकाय के द्वारा राजस्व वसूली की जा रही हैं, जिनमे कई करदाताओं के द्वारा शिकायत की जा रही हैं, कि मेरे द्वारा टैक्स की राशि जमा कर दी गई हैं। लेकिन आपके कम्पनी के कर्मचारी द्वारा उनको पर्ची दी गई हैं। परन्तु टैक्स रसीद नहीं दी गई हैं, जिसके कारण निकाय की छबी धुमील हो रही हैं। अतः समस्त ऐसे करदाताओं को रसीद तत्काल उपलब्ध कराने निगम ने खुद नोटिस में उल्लेख किया है। कम्पनी से प्रतिवर्ष वार्षिक गोस्वारा एवं प्रत्येक वार्ड के मांग / वसूली की जानकारी चाही गई थी, जो की आज दिनांक तक यार्षिक गोस्वारा को छोड़ अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गई हैं। डाटा वर्षवार उपलब्ध कराने कहा गया है। वही निजी जलकर का कई वर्षों में मिटर रिडिंग के हिसाब से राशि लिया जा रहा था उसका डाटा भी अप्राप्त हैं।

## दुर्ग कोर्ट का फैसला

# पति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पारिवारिक विवाद में पति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के मामले में पत्नी को दुर्ग कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा दी है। यह फैसला तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाई। मामले के मुताबिक 29सितंबर 2000 की रात करीब एक बजे ग्राम कापसी थाना अमलेश्वर निवासी अनंत सोनवानी की हत्या हो गई। हत्या अनंत की दूसरी पत्नी संगीता सोनवानी ने की थी। कोर्ट ने इस मामले में संगीता को धारा 302 के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन करावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड

- कापसी गांव की घटना आरोपी दूसरी पत्नी थी मृतक की

और धारा 201 के तहत एक साल सश्रम कारावास और 500 रुपए अर्थदंड रोपित किया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी।

### पति और पत्नी के बीच में होता था अक्सर विवाद

घटना के मुताबिक अनंत सोनवानी की पहली पत्नी मंजू सोनवानी से एक पुत्र अर्श ऊर्फ हर्ष सोनवानी था। मंजू से सामाजिक तलाक के बाद संगीता सोनवानी को अनंत ने अपनी पत्नी बनाकर रखा था। इससे चार साल की बच्ची भी थी। आरोपी संगीता ने यह स्वीकार किया कि उसका पति अनंत उसे कालीकलूटी कहता था और पंसद नहीं करता था। घर से निकल जाने को कहता था। घटना के दिन रात को वह शराब पीकर आया था। हर्ष मोबाइल देख रहा था जिसे संगीता ने मांगा लेकिन वह नहीं दिया तो दोनों में विवाद हो गया। रात जब अनंत आया तो उसके पुत्र हर्ष ने यह बात उसे बताई। जिसे लेकर पति-पत्नी में लड़ाई शुरू हो गई।

### हत्या कर कुएं में फेंक दी कुल्हाड़ी

आरोपी पत्नी संगीता ने अपने पति अनंत की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी और साक्ष्य छिपाने के लिए कुंए में कुल्हाड़ी फेंक दी थी। जिसे पुलिस ने जांच के दौरान बरामद किया। घटना के दूसरे दिन सुबह हर्ष ने अपने बड़े पापा गुरूमेंद सिंह सोनवानी को फोन से यह सूचना दी कि पापा को किसी ने धारदार हथियार से मार दिया है। गुरूमेंद सिंह ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई। हर्ष के गवाही पर उसकी सौतेली मां संगीता से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने हत्या करना स्वीकार किया।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** चाकू लहराते हुए युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शनिचरी बाजार रुआबांधा के पास मुकुल सोना नामक युवक धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा था। मौके पर पहुची पुलिस ने मुकुल को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

# ईव्हीएम कमीशनिंग शुरू प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए मतदान के लिए तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में विधानसभा दुर्ग ग्रामीण 63 क्रमांक में ईव्हीएम मशीन का कमीशनिंग कार्य प्रारंभ हुआ। यह कार्य ईसीआईएल इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान प्रेक्षक श्रीकेश लथकर द्वारा बीआईटी कॉलेज दुर्ग में चल रहे मतदान दल प्रशिक्षण व डाक मत पत्र के द्वारा मतदान कार्यों का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक श्री लथकर ने निरीक्षण के दौरान मतदान संबंधी आवश्यक जानकारियां दी।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, आयुक्त नगर निगम भिलाई-3 चरोदा दशरथ राजपूत के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## महतारी वंदन लाभार्थी का सम्मान



**भिलाई।** महतारी वंदन सम्मान समारोह का पखवाड़ा चल रहा है। जिसमें तहत 10 मंडलो में यह कार्यक्रम चल रहा है। मंगलवार को कैंप मंडल वार्ड क्रमांक -27 में भिलाई भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक जी की अध्यक्षता में और कैंप मंडल अध्यक्ष रश्मि साव के नेतृत्व में महतारी वंदन लाभार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। हजारों की संख्या में लाभार्थी बहने उपस्थित रही। जिसमें बहनों ने बताया कि मोदी की बहुत सारी योजनाओं का उन्होंने लाभ लिया है। उन्होंने मोदी का आभार व्यक्त किया। और ये कहा मोदी ने बहुत से योजनाओं का प्रमुख उनको बनाकर उनको सम्मान दिलाया है। हमें 1000 रुपये महतारी वदंन देकर हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाया, महिलाओं ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है, हमें हमारे आदरणीय साम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर पूर्ण विश्वास है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, संतोष मौर्या, स्वीटी कौशिक भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, मिथिला खिचरिया कार्यक्रम प्रभारी, अशोक गुप्ता आदि मौजूद थे।

# विविध प्रतिभाओं का किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन अदिति बहादुर और जूली सेनगुप्ता ने किया। होटल ग्रैंड ढिल्लन में आयोजित प्रदर्शनी में 30 स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। जिसने कलात्मक अभिव्यक्तियों के अपने शिल्पकला की विविधता से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रदर्शनी ने उभरते और कलाकारों के लिए अपनी कृतियों को प्रदर्शित किया। लुभावने परिदृश्यों से लेकर विचारोत्तेजक

- शिल्पकला की विविधता ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

अमूर्त टुकड़ों, मिट्टी के बर्तनों, मूर्तिकला आदि तक, प्रदर्शनी में प्रस्तुत कलाकृतियाँ भिलाई के कलात्मक समुदाय की जीवंत टेपेस्ट्री( चित्र यवनिका) की झलक पेश करती हैं। जिससे शैलियों और विषयों का एक समायोजन सुनिश्चित हुआ जो दर्शकों को लुभाने में सफल रहा। उनका दृष्टिकोण और समर्पण विविध पृष्ठभूमि के कलाकारों को एकत्रित करने और उन्हें अपनी कहानियों और दृष्टिकोण को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण था। अदिति ने कहा।जूली ने जोड़ते हुए कहा, लक्ष्य एक समावेशी स्थान बनाना था जहां कलाकार अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सकें और कला प्रेमियों से जुड़ सकें।

## अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट को सक्रिय करने दी गई जिम्मेदारी

# अग्रवाल समाज ने समाज हित में लिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की बैठक नारायणी धाम चांपा में भव्य रूप से संपन्न हुई l नारायणी धाम के ट्रस्टी महेंद्र सवि मित्तल एवं सभी ट्रस्टियों ने अतिथियों का रानी सती दादी की माला एवं चित्र भेंट कर उनका स्वागत किया l कार्यक्रम का संचालन करते हुए चेयरमैन डॉक्टर अशोक अग्रवाल राजेंद्र राजू अग्रवाल एवं प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल ने संगठन के कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

- नई कार्यकारिणी के गठन पर बनी सहमति

सर्वसम्मति से अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट को पूर्ण रूप से सक्रिय करने हेतु राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष को एवं प्रदेश अध्यक्ष को जवाबदारी दी गई l संगठन के नई कार्यकारिणी गठन करने हेतु महेंद्र सेकसरिया एवं जयदेव सिंघल एवं बाबूलाल अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई यह संगठन की भावनाओं के अनुरूप शीघ्र ही नयी कार्यकारिणी का गठन करेंगे l

बैठक में प्रमुख रूप से विकास सिंघल सुंदर बंसल विष्णु सिंघल, आशीष, प्रदेश युवा अध्यक्ष, महेंद्र अग्रवाल सारंगढ़, रामू अग्रवाल, चंद्रपुर सहित दुर्ग भिलाई बिलासपुर कोरबा रायगढ़ चंपा शक्ति, कोरबा, डूंगरगढ़, राजनांदगांव सहित पूरे प्रदेश से अग्रवाल समाज के सदस्य बैठक में उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने नारायणी धाम के अतीत एवं दादी की रसोई की प्रशंसा की।

### शत-प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प

संगठन के प्रदेश सचिव संजय गर्ग एवं पंकज अग्रवाल ने बताया की बैठक में राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानते हुए शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी मैं पारित प्रस्ताव पर



भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई एवं आगामी अग्र अलंकरण समारोह आयोजन करने हेतु,, देश एवं प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाओं को भगवान अग्रसेन जी के नाम पर करने हेतु,, अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य एवं शिक्षा ऋण पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई आगामी कार्यक्रम में समाज के 75 वर्ष के बुजुर्गों का सम्मान करने का भी निर्णय लिया गया ल अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सहयोग से निशुल्क फाइब्रो स्कैन लीवर जांच शिविर सभी जिलों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही में मैनपाटअंबिकापुर में आगामी मीटिंग सुभाष गोयल जी के सानिध्य में करने का निर्णय लिया गया। समाज के संस्कारों एवं रीति रिवाज पर एक पुस्तिका का प्रकाशन भी किया जाएगा साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने हेतु एक कमेटी का गठन किया गया जो इस विषय पर कार्य करेगी। मनोरंजन की दृष्टि से इस बार संगठन द्वारा 70 सदस्य दल दुबई जा रहा है इस प्रकार का टूर संगठन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

# कैंपस चयन में फार्मेसी के 10 विद्यार्थियों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के फार्मेसी संकाय के अंतर्गत आयोजित ओपन कैंपस इंटरव्यू में संस्था के 10 विधार्थियों का चयन किया गया। छत्तीसगढ़ की औषधि निर्माता कंपनी नाइन एम इंडिया लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों के लिए ओपन कैंपस इंटरव्यू का आयोजन विश्विद्यालय में किया गया था। जिसमे 123 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर के भी विधार्थी शामिल हुए। कंपनी की अधिकारी नैंसी सिंह की टीम ने इंटरव्यू लिया। जिसमें ट्रेनी ऑफिसर प्रोडक्शन, डी फार्मा, माइक्रोबायोलॉजी, केमिस्ट्री के 24 पदों के लिए साक्षात्कार हुआ। कुल 24 चयनित विद्यार्थियों में विश्विद्यालय के एसएससीपीएस के 10 विद्यार्थी चयनित हुए। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा, डायरेक्टर विकास सुशील चंद्र तिवारी एवं डीन डॉ सोनाली दास पाल ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने पत्रिका का किया विमोचन



**रायपुर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी के ध्वजारोहण व जन्मकल्याणक महोत्सव की पत्रिका का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को किया। इस अवसर पर दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेंद्र कोचर, ट्रस्टी द्वय जय सांखला व योगेश बंगानी ने गुलाब फूल से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया व पत्रिका, श्रीफल से मुख्यमंत्री को ध्वजारोहण कार्यक्रम में 2 व 3 मई के लिए आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रात्रिकालीन प्रभु भक्ति में सम्मिलित होने की स्वीकृति प्रदान की। इसी दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने मुख्यमंत्री को शीघ्र जैन गौशाला की स्थापना संबंधित जानकारी दी।

### नहीं होगी पानी की कमी चटौद नहर का पानी आ रहा

**रायपुर ।** धमतरी के चटोद में स्थित शाखा नहर को खारुन नदी से जोड़कर शहर के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इससे पहले शहर में पानी के इंतजाम के लिए काठाडीह एनीकेट और मुर्रा नहर को खुलवा लिया गया। इसके बाद तरीघाट एनीकेट के दो गेट खुलवा दिए गए। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र ने काठाडीह और मुर्रा एनीकेट को जाकर देखा। मुर्रा एनीकेट खाली हो चुका था। किंतु चटोद नहर का पानी वहां पहुंचने लगे है। जिसे देखकर जल संग्रहन हेतु मुर्रा और एनीकेट के एक गेट को बन्द कर देने के लिए कहा गया है।

### मतदान केंद्रों में व्यवस्था बनाने जुटा निगम

**रायपुर ।** निगम क्षेत्र के करीबन 750 मतदान केंद्रों में मतदान दलों के लिए टेबल - कुर्सियां लगाने का काम सोमवार से से प्रारंभ कर दिया गया है। साफ सफाई का कार्य भी वहां किया जा रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शहर के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के क्षेत्रों का नाम लिखने का कार्य पूर्णता की ओर है। जिससे मतदाता इधर उधर ना भटककर अपने केंद्र में सीधे पहुंच सकें। इसके अलावा मतदान केंद्रों में प्रकाश तथा गर्मी से बचाव हेतु भी इंतजाम किया जा रहा है। जिली के बोर्ड जहां क्षतिग्रस्त हो गए हैं उनकी भी मरम्मत या नया बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा है। मतदान दल अपने मोबाईल की चार्जिंग कर सकें इसका इंतजाम किया जा रहा है। तदान केंद्रों में पेयजल के लिए कैन और घड़े का इंतजाम किया जा रहा है।

### कैट का व्यापारियों से आग्रह शत-प्रतिशत करें मतदान




**रायपुर।** कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी की विशेष उपस्थिति में मंगलवार को कैट प्रदेश कार्यालय में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने की। इस मौके पर कैट पदाधिकारियों ने प्रदेशभर के 12 लाख व्यापारियों से शत-प्रतिशत मतदान करने आग्रह किया। कैट के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, प्रदेश में लोकसभा चुनाव दो चरणों में हो चुका है। तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होने जा रहा है। इस चुनाव में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने और 100 फीसदी मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने सभी ने संकल्प लिया है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों से आग्रह करते हुए कहा कि पहले मतदान फिर दुकान की थीम पर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनें।





### चिखली में शुरू हुआ ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण

दल्लीराजहरा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली के खेल मैदान में रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। इन बच्चों को फुटबाल व एथलेटिक्स के खेलों की बारीकियां सिखाई जाएंगी, ताकि आगामी माह में होने वाले स्कूल खेल में आदिवासी ब्लाक के बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खेलों में अपनी जगह बना सकें। जिला खेल समन्वयक बालोद सपन जेना, वरिष्ठ खिलाड़ी जगप्रीत संधू, निलेश गौर और चन्द्रशेखर पवार बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण को लेकर जहां बच्चों में उत्साह है, वहीं पालक भी रुचि ले रहे हैं।

**शिकायत :** डीईओ से लेकर शिक्षा मंत्री तक शिकायत

# आत्मानंद विद्यालय के परीक्षा परिणाम आत्मानंद विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर बच्चों व पालकों ने जताया असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम को लेकर बच्चों के साथ ही पालक भी नाराज हैं। इस संबंध में पालकों ने स्कूल शिक्षा मंत्री सहित डीईओ, बीईओ व स्कूल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई है।

पालकों ने आवेदन में लिखा है कि स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल डौण्डीलोहारा में कक्षा नवमी में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में आयोजित वार्षिक परीक्षा में हमारे बच्चे सम्मिलित हुए थे। उक्त शैक्षणिक सत्र में विषयवार योग्य अध्यापकों की भर्ती के बिना, सम्पूर्ण कोर्स पूर्ण किये बिना परीक्षा आयोजित की गई। इसके कारण 19 अप्रैल को घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार कुल 69 विद्यार्थियों में से केवल 38 उत्तीर्ण हुए, जबकि 21 पूरक आए तथा 10 अनुत्तीर्ण घोषित हुए। वहीं, स्थानीय स्कूल प्रबंधन ने नियमों एवं प्रक्रियाओं के विरूद्ध जाकर विद्यार्थियों को पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना के लिए समय एवं अवसर



दिये बिना पूरक विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा 21 अप्रैल को ले ली। इससे विद्यार्थियों को न तो सोचने समझने का मौका मिला और न ही परीक्षा की तैयारी का समय मिला। उसके बाद जारी परीक्षा परिणाम में 5 विद्यार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया तथा शेष 16 को अनुत्तीर्ण हुए। पालकों ने आरोप लगाया कि वार्षिक परीक्षा परिणाम 2024 की घोषणा के पश्चात उनके बच्चों से पूछने पर उन्होंने उत्तरपुस्तिका ठीक से बनाना बताया। इस पर पालकों द्वारा पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना के लिए स्कूल प्रबंधन से चर्चा करने पर उन्होंने स्पष्ट रूप से मना कर दिया। पालकों ने स्कूल प्रबंधन द्वारा नियमों एवं प्रक्रियाओं को ताक पर रखकर गलत ढंग से परीक्षा फल घोषित कर विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को नियमानुसार पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना का अवसर प्रदान करने तथा आयोजित पूरक परीक्षा परिणाम निरस्तकर फिर से परीक्षा लेने की मांग की है। पालकों में मुकेश राजपूत, संजीव वैष्णव, चुनेश्वरी सिन्हा, टामिन बाई,नंदिनी आर्य,खुशी विश्वकर्मा, संतोषी दास आदि शामिल थे।

#### शिकायत मिली है, जांच कराई जाएगी

इस संबंध में बीईओ हिमांशु मिश्रा ने बताया कि पालकों की शिकायत मिली है। प्रकरण का अवलोकन व परीक्षण के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया जाएगा। वहीं, प्रभारी प्राचार्य श्री देवसरे ने बताया कि जिस तरह बच्चों ने प्रश्न हल किया है, उस तरह उन्हें अंक दिए गए हैं।

## पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र के लिए मांगा वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण ब्लाक के ग्राम धनोरा, हनोदा, खामहरिया, कोकड़ी, कोडिया उमरपोटी, रिसमा, मतवारी, चिरपोटी, खोपली, कातरो, मातरो, घुघसीडीह ,अण्डा, विनायकपुर, चिंगारी, अछोटी, कुथरेल, भानपुरी,विनायकपुर में पहुचें। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा के कॉंग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू विशेष रूप से शामिल हुए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर और प्रभारी टिकेश्वरी लाल देशमुख ने बताया कि श्री साहू के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्दाकर, लक्ष्मी साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर सहित अनेक कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री श्री साहू ने कमर कस कर दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की।

## कसौंदा विद्यालय में 6वीं में गीतांश 7वीं में प्रेमू व 8वीं में टिकेंद्र प्रथम



**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसौंदा में 6 वीं, 7 वीं व 8 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 8वी में टिकेन्द्र साहू प्रथम, प्रतीक पटेल द्वितीय व 7 वी में प्रेम साहू प्रथम, पूनम साहू द्वितीय, कक्षा 6 वी में गीतांश साहू प्रथम, गिरीश निर्मल द्वितीय स्थान पर रहे। शाला के प्रधान पाठक एचसी.साहू, शिक्षक बीएल कामड़े, टीआर. चन्द्राकर, आईएल.मेहर, केके. रघुवंशी व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष किरण अहीर ने सभी बच्चों के प्रति हर्श व्यक्त किया है व आगामी सत्र में कठिन परिश्रम करने की सलाह दी है।

## उत्साह के साथ मनाया विश्व सेवा-सत्संग दिवस



**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति, रायपुर द्वारा वीआईपी रोड स्थित आश्रम 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस पर गरीब परिवार व जरूरतमंदों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। इसके साथ ही घरेलू उपयोग की जरूरत की सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया।

राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन परिसर में आम जनता को भीषण गर्मी से बचाने निःशुल्क शीतल पलाश शरबत, छाछ का वितरण किया जा रहा है। यही नहीं, जलसेवा केन्द्र के माध्यम से प्यासों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है। योग वेदांत सेवा समिति के प्रवक्ता रामा भाई ने बताया कि आज विश्व के सामने खड़ी अनेक समस्याओं का समाधान समाज की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने से ही संभव है। सद्गुरुदेव के अवतरण-दिवस को 'विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में पिछले कई साल से साधक परिवार मनाता आ रहा है।

## राजमिस्त्री संघ के जिला अध्यक्ष चुने गए कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बुधवार को जिला राजमिस्त्री संघ का चुनाव हुआ। कृष्णा राजपूत राजमिस्त्री संघ के जिला अध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष पद पर भुखन साहू विजयी रहे। शहर के आमापारा में राजमिस्त्री संघ के भवन में चुनाव हुआ, जिसमें जिले भर के मिस्त्री पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग कर राजमिस्त्री संघ के नए जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव किया।

जानकारी के अनुसार चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के पद के लिए तीन–तीन उम्मीदवार चुनाव में खड़े हुए थे। चुनाव परिणाम की घोषणा शाम 6 बजे हुई। राजमिस्त्री संघ के नए



जिला अध्यक्ष कृष्णा राजपूत होंगे, वहीं उपाध्यक्ष पद पर भुखन साहू ने जीत हासिल की। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष के रूप में छगन यादव विजयी हुए और सचिव के पद पर राजेन्द्र साहू ने जीत हासिल की। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न होने और परिणाम की घोषणा के बाद राजमिस्त्री संघ के तमाम सदस्यों ने जीत हासिल करने वाले नए पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## लौह अयस्क समूह राजहरा के 5 कर्मचारी सेवानिवृत्त, दी गई ससम्मान विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह अयस्क समूह राजहरा में अप्रैल माह में 5 नियमित कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें सर्वे विभाग के मास्टर तकनीशियन मनोरंजन प्रसाद सिंह, दल्ली यंत्रीकृत खदान में कार्यरत मास्टर तकनीशियन दानसिंग चंद्राकर, मास्टर तकनीशियन पुसऊ राम ठाकुर, राजहरा यंत्रीकृत खदान मे कार्यरत वरिष्ठ तकनीशियन मानसिंग कंवर एवं हेड स्टोर कीपर विनोद कुमार आरदे शामिल हैं।

उनके लिए विदाई सम्मान समारोह खदान प्रशासनिक भवन के मुख्य सभागार में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लौह अयस्क समूह राजहरा के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार थे। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने अपने बीते हुए पल को याद करते उपलब्धियों को बताया । मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार ने सेवानिवृत्त सभी कर्मचारियों के स्वस्थमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि कम्पनी को आगे बढाने में सेवानिवृत्त सभी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा । कार्मिक विभाग के प्रमुख सहायक महाप्रबंधक एमडी रेड्डी ने सभी कर्मचारियों को सफलता पूर्वक नौकरी पूरा करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त के बाद किसी भी प्रकार की सहयोग की जरूरत पड़ती है, तो कार्मिक विभाग मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा। समारोह में महाप्रबंधक एचईएम एण्ड एफई राय ईम्मानुएल, राजहरा यंत्रीकृत खान के सहायक महाप्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक एसके व्यास, इंटक राजहरा के अध्यक्ष तिलक मानकर तथा एस के एम एस युनियन के प्रतिनिधि गौतम बेरा ने सेवा निवृत्त कर्मचारियों के बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी घनश्याम पारकर तथा आभार प्रदर्शन कार्मिक विभाग के कनिष्ठ अधिकारी आनंद बोरकर ने किया। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के उपप्रबंधक डॉ. जे एस बघेल, एमटीए. शैलेष पटनायक एवं श्रम कल्याण अधिकारी संतराम साहू, हरख साहू एवं डॉ. साक्षी कंवर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

■ खदान प्रशासनिक भवन के मुख्य सभागार में हुआ कार्यक्रम

## पलायन करने वाले श्रमिकों को मिल रहा है राशनकार्ड पोर्टिबिलिटी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार की योजना वन नेशन वन राशनकार्ड का लाभ उन लोगों को आसानी से मिल रहा है जो रोजी-रोटी कमाने के लिए छत्तीसगढ़ से दूसरे स्थानों या राज्यों में जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ से पलायन करने वाले जिलों में रायपुर, महासमुंद, कोरबा, जाजंगीर-चांपा, बस्तर और दुर्ग, सरगुजा शामिल है। खास बात ये है कि इन जिलों में पोर्टिबिलिटी के माध्यम से राशन लेने वालों की संख्या अन्य जिलों के मुकाबले अधिक है।

छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड पोर्टिबिलिटी के आधार पर राशन कार्ड से दूसरे स्थानों की सरकारी राशन दुकानों से राशन लेने की सुविधा का लाभ अप्रैल में 27 हजार 761 लोगों ने उठाया है। खाद्य विभाग के रिकार्ड के मुताबिक



प्रदेश के सभी जिलों में ऐसे लोग मौजूद हैं जो इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। जिन जिलों में सबसे अधिक लोगों ने लाभ उठाया है उनमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, जाजंगीर चांपा, और सरगुजा प्रमुख है। खास बात ये है कि इन्ही जिलों से श्रमिकों का पलायन भी सबसे अधिक संख्या में हुआ है। इस आधार पर माना जा रहा कि पलायन करने वाले श्रमिकों को केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ मिल रहा है।

#### देश के किसी भी राज्य में ले सकते हैं राशन

राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी से एक राशन कार्ड पर दूसरे राज्य में भी राशन मिलने की सुविधा मिलती है। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना में शामिल राज्यों के कार्ड धारक राशन कार्ड पोर्टबिलिटी का लाभ उठा सकते हैं। वन नेशन वन राशन कार्ड स्कीम शुरू होने से कार्डधारक पूरे देश में कहीं से भी अपनी सुविधा से राशन ले सकते है। मतलब साफ है कि कार्ड धारक के लिए किसी भी तरह की सीमा या नियमों का बंधन नहीं होगा और वह किसी भी राज्य में राशन खरीद सकता है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### अनिवार्य सेवा श्रेणी में पत्रकार मतदाताओं ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान

**बेमेतरा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 संसदीय क्षेत्र 7-दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 सजा, 69 बेमेतरा व 70 नवागढ़ के कर्तव्य पर तैनात अधिकारी, कर्मचारी एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से संयुक्त ज़िला कार्यालय भवन के कक्ष क्रमांक 5 और 6 में बनाए गए सुविधा केंद्रों में मतदान कराया जा रहा है। अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं में स्वास्थ्य विभाग से 7 और प्रिंट मीडिया के 3 मतदाताओं ने डाक मतपत्र से मतदान करने आवेदन दिया था। इनके लिए संयुक्त ज़िला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 5 पीवीसी में सुविधा केंद्र बनाया गया है। इनको आज, 2 मई और 3 मई को मतदान की सुविधा दी गई। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। बुधवार को अनिवार्य सेवा श्रेणी के अन्तर्गत प्रिंट मीडिया के तीन पत्रकारों ने सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से मतदान किया। अनिवार्य सेवा श्रेणी के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी मतदान किया। इसी प्रकार निर्वाचन ड्यूटी में लगे सुरक्षा बल, पुलिस, ड्राइवर, क्लीनर एवं अन्य ज़िले में पदस्थ कर्मचारी संयुक्त ज़िला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 6 में डाक मतपत्र के माध्यम से 5 मई तक मतदान कर सकते हैं। मतदान का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक है।

### अवतरण दिवस 2 को

**भिलाई।** विश्व जागृति मिशन दुर्ग-भिलाई मंडल द्वारा सुधांशु महाराज के अवतरण दिवस को श्रद्धा पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत दुर्ग में महावीर हनुमान मंदिर इंदिरा मार्केट और भिलाई में जगदंबा मंदिर हुडको में गुरुवार 2 मई को पर्व मनाया जाएगा। विश्व जागृति मिशन भिलाई मंडल के शिव देवांगन ने बताया कि गुरुवार को 10 बजे बुजुर्ग जनों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया जाएगा। सत्संग और पूजा अर्चना का आयोजन भी किया गया है। दुर्ग मंडल के गणेशराम देशमुख के महावीर हनुमान मंदिर में 8 बजे से हवन पूजा एवं सत्संग का कार्यक्रम है। गुरुवर सुधांशु महाराज के कहे अनुसार बुजुर्गों का पैर पखार कर शाल एवं श्रीफल भेंटकर पूजा कर सम्मान किया जाएगा। उसके बाद आरती एवं प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। मिशन के एचएस गुप्ता ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### सरस सत्संग 3 को

**भिलाई।** रविवार 3 मई को सरस सत्संग कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर 20बी भिलाई में शाम 5 बजे किया जा रहा है। विशेष अतिथि व वक्ता स्वामी तन्मयानन्द महाराज (अम्बिकापुर) होंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील सारदा रामकृष्ण संघ ने की।

### पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन पर हमला

**भिलाई।** पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन पर अपचारी बालको द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। तीन बालको को पुलिस ने हिरासत में लिया। घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस वाहन मोहन नगर थाने की है। पेट्रोलिंग वाहन में हवलदार विश्वजीत टंडन, आरक्षक शकील खान सिकोला भाठा अंडर ब्रिज से निकल रहे थे। अंडरब्रिज के भीतर पेट्रोलिंग वाहन जैसे ही प्रवेश किया। अचानक से अंडरब्रिज से बाहर निकल रहे वाहन पर अंधा धुंध ईट से हमला किया गया। हमला में वाहन के सामने लगे कांच का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हमला से पेट्रोलिंग वाहन में सवार पुलिस कर्मी हड़बड़ा गए। सूचना मिलते ही दुर्ग सिटी कोतवाली, पद्मनाभपुर की पेट्रोलिंग, बाइक पेट्रोलिंग डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक अपचारी बालक फरार हो चुके थे। घटना के दूसरे दिन सूचना मिलते ही देर रात हमला करने वालों में तीन अपचारी बालको को पकड़ने पुलिस पहुची। पूछताछ करने के बाद बालको को समझाइश देकर छोड़ दिया गया। जिस पेट्रोलिंग वाहन में हमला हुआ उस क्रमांक सीजी 03 6412 है। इसे लेकर दुर्ग सीएसपी चिराग जैन के मोबाइल पर कॉल करने पर उन्होंने रिसीव तक नहीं किया।

## सियासत : नगर पालिका के वार्ड क्र.2 में चला डोर टू डोर अभियान

# विधायक दीपेश के नेतृत्व मे भाजपाइयों ने किया जनसम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष मे मतदान करने की अपील



स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में मतदान करने के लिए आज बेमेतरा नगर पालिका अंतर्गत आने वाले वार्ड न. 2 में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर वार्ड के बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों, किसानों सभी वर्गो के लोगों से मुलाक़ात कर लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

इस मौके पर विधायक श्री साहू ने कहा कि भाजपा ने अपना जनसंपर्क अभियान हर क्षेत्र में तेज कर दिया है। लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला रहा है।भाजपा के नेता व कार्यकर्ता हर घर दरवाजे पर दस्तक देकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। इस समय प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार जिस तरह मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है, उसका लाभ लोकसभा चुनाव में मिलेगा। कांग्रेस के किसी भी नेता का कोई जनाधर नहीं रह गया है। प्रदेश की सभी 11 सीट जीतकर हम छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए लक्ष्य में अपनी सहभागिता देंगे। लोगों को मोदी सरकार के दस वर्षों की उपलब्धियों से साझा करते हुए साहू ने कहा कि नारी की सुरक्षा, सम्मान और उन्नति के लिए सबसे ज्यादा कार्य पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल लाया, उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक पर कानूनी पाबंदी, सेना में महिलाओं को परमानेंट कमीशन जैसी अनेक योजनाएं मातृ शक्ति को समर्पित किए हैं। इस कारण लोगों को पीएम मोदी की गांरटी पर भरोसा है।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोती लाल साहू, राकेश मोहन शर्मा, पार्षद लक्ष्मी लहरे, हर्षवर्धन तिवारी, शहर भाजपा मंडल महामंत्री युगल देवांगन, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, शहर महामंत्री तुषार साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा शहर अध्यक्ष राज कुमार खंडे, राजू देवांगन, रोशन दत्त सहित बड़ी संख्या मे भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है : ललिता



**नवागढ़।** महिलाओं का सम्मान और आर्थिक सशक्तीकरण सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। भाजपा जो कहती उसे करके दिखाती है। विधानसभा चुनाव के दौरान, प्रदेश की महिला शक्ति से महतारी वंदन की योजना का जो वायदा भाजपा ने किया था, उसे चार माह की अल्प अवधि में ही पूरा कर दिखाया है। उक्त बातें भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू ने नवागढ़ विधानसभा के ग्राम चमारी, ढोलिया, मुरता, खंडसरा, पडकीडीह व अँधियारखोर सहित अन्य गांव में आयोजित महतारी वंदन सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। साथ में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा सोनी व लक्ष्मी साहू एवं जिला महामंत्री मधु रॉय सहित पदाधिकारी उपस्थित रही। दुर्गा सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 01 हजार रुपये दिया जा रहा है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष खेमिन साहू व खेमिन बाई, राजेश्वरी पांडेय, जामिन बंछोर, तारकेश्वरी सोनकर, सेवती पुरबिया सहित बड़ी सख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

**मोदी सरकार की योजनाएं महिलाओं के दिल को छू रहीं : मधु :** कार्यक्रम का संचालन कर रही मधु रॉय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलेंडर देना, जन धन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रुप से खत्म करना जैसे विधेयक ने पीएम मोदी के कद को बढ़ाया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

## डीएलएड के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

# डाइट श्रेष्ठ शिक्षक के साथ मानवीय गुणों का भी निर्माण करती है : दीवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मुख्य आतिथ्य में डाइट में अध्ययनरत डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दिया गया।

कार्यक्रम में डीएलएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत क्विज, पहेली, सामान्य ज्ञान, रैंप वाकिंग, गीत, संगीत, नृत्य, एंकरिंग जैसे विविध गतिविधियां शामिल था। व्याख्याता, इतिहासकार और शिक्षाविद डॉ. बसुबंधु दीवान ने कहा शिक्षा के द्वारा ही हमारे संचय का विवेक जागृत होता है। शिक्षा ही हमें संपूर्ण मानव बनाती है साथ ही हमारे अंदर इंसानियत का भाव जागृत होता है। यह संस्थान श्रेष्ठ शिक्षक बनाने के साथ-साथ श्रेष्ठ मानवीय गुणों का भी निर्माण करती है। मुख्य अतिथि प्राचार्य जेके घृतलहरे ने जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह को पीएसटीई प्रभारी अनिल कुमार सोनी, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े ने भी संबोधित किया। विदित हो कि डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं 15 मई से प्रारंभ हो रही है। यह परीक्षा दो पालियों में रखी गई है। प्रथम पाली प्रातः 8:00 से 11:15 बजे तक की है जिसमें प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अपनी परीक्षा देंगे। द्वितीय पाली की परीक्षाएं 2:00 बजे से 5:15 बजे तक का है इसमें द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इस अवसर पर संस्थान की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, अनिल कुमार सोनी, जीएल खुटियारे, तुकाराम साहू, डॉ. बसुबंधु दीवान, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, नागेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा, सरस्वती साहू, पूनम पांडेय, सोहन देवांगन, रोहित सेन, चंद्रिका यादव आदि उपस्थित थे।

# मजगांव शाला में लगा समर कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव में पांच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैंप गर्मी की छुट्टी शुरू होते ही स्कूल बच्चों को व्यस्त रखने, रचनात्मकता बढ़ाने और सामाजिकता का पाठ पढ़ाने के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में प्राथमिक शाला के शिक्षक चेतन साहू द्वारा विद्यार्थियों को कई रचनात्मक क्रियाकलाप की गतिविधियों को सिखाया गया। जिन्हें बच्चों ने बड़ी ध्यान पूर्वक से समझे और सीखने में रुचि दिखाई। शिक्षक चेतन साहू ने बताया कि घर में कई ऐसे समान जो खराब व कबाड़ में पड़े रहते है। जिन्हें कुशलता से गर्मी के दिनों में अतरंगी तरीको से खेल का समान निर्माण कर सकते है। कैंप में बच्चों ने अलग-अलग विचारों व सामाजिक, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता को जाना। इन दिनों में नये तरीके से कबाड़ से जुगाड़ कैसे करने चाहिए यह सीखा गया। जिसमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता, लीडरशिप, और दूसरे स्किल को बढ़ावा देना। साथ ही साथ बच्चों ने पेन्टिन, कागज से टोपी, नाव, रंगों को मिक्स कर नया कलर बनाना, नृत्य करना, मिट्टी के खिलौने बनाना, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना, वृक्षारोपण करना, शरीर को फिटनेश कर लिए व्यायाम करना, गाना गाना आदि समर कैंप में कई गतिविधियों पर शिक्षकों द्वारा सिखाया गया। जिन्हें विद्यार्थियों ने रुचि दिखाया गया।

# रनबोड़ में मना मजदूर दिवस



**बेमेतरा।** नवागढ़ तहसील के ग्राम पंचायत रनबोड़ में मजदूर दिवस मनाया गया । इस दौरान रोजगार सहायक द्वारिका कोशले ने मजदूरों के मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी । इस अवसर पर सरपंच फेरुराम साहू, त्रिलोक साहू, हरिचंद, घनश्याम, धनशाय, श्री राम, सेवाराम, बल्लू, रमेश सहित मजदूर श्रमिक उपस्थित रहे ।

### स्काउट-गाइड दूधली ने राहगीरों को पिलाया पानी

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दूधली के स्काउट एवं गाइड, रोवर, रेंजर ने सार्वजनिक प्याऊ से राहगीरों को सेवा कार्य के तहत भीषण गर्मी में पानी पिलाने का कार्य किया। प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने स्काउट गाइड के उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्काउट गाइड का यह सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है। स्काउट प्रभारी मिलन सिन्हा के निर्देशन में सेवा के बहुत कार्य किए हैं। कुकुर देउर मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान, टीकाकरण अभियान में रैली निकालकर जन जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये स्काउट राज्य पुरस्कार जांच शिविर में भी झांकी अभनपुर में भागीदारी करेंगे। स्काउट में राजवीर भट्ट, चंदन कुमार, भूपेश, बालकृष्ण तथा गाइड से यासिका, भूमिका, हर्षिता, रेंजर लीडर रेखा ठाकुर गाईड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, रोवर लीडर आरएन राणा तथा सभी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# विवाह को यादगार बनाने युगल ने रोपा बादाम का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नवयुगल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जिला पर्यावरण प्रेमी संगठन के मार्गदर्शन में ग्राम कठिया के मीडिल स्कूल में नवयुगल जोड़ी मुकेश साहू-सावित्री साहू ने अपने विवाह के अवसर पर गायत्री मंत्रो एवं गाजेबाजे के साथ बादाम का एक पेड़ लगाया । नवयुगल जोड़ी ने अपने नए गृह प्रवेश के पूर्व पेड़ लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि हमे पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर के पेड़-पौधे लगाना चाहिए। बिसौहा राम साहू ने संगठन की सराहना करते हुए कहा कि मेरे पोते मुकेश साहू के विवाह के शुभ अवसर संगठन के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। यह मेरे जीवन की सबसे यादगार पल है। ज्ञात हो कि मायन, चिकट, हरदाही के दिन संगठन के द्वारा हल्दी रस्म के समय नवयुगल जोड़ी की घर बाड़ी में जामुन का पेड़ लगाया गया था। इस दौरान नवयुगल लालाराम साहू, बिसौहा राम साहू, नरसिंग साहू सहित संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश साहू, सदस्यगण- परदेसी साहू, किशन साहू, डिकेन्द्र साहू ,चम्मन निषाद, धनेश साहू, सुनील ( बल्लू) खोमन चंद्राकर, गणेश सेठ, प्रकाश साहू ,अक्षय साहू केदार रोजगार सहायक, लक्ष्मी नारायण साहू, दिनेश, बिरेन्द्र साहू, कु. हेमा साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रवानी के निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हरिभूमि अखबार के जिला प्रतिनिधि व पत्रकार अमीन पप्पू रवानी एवं पार्षद वाहिद रवानी के पिता एएम रवानी का 25 अप्रैल को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलने पर लोगों ने उनके बेमेतरा स्थित निवास पहुंचकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा, सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे, वरिष्ठ पत्रकार महेश दुबे, किशोर तिवारी, शरद बाजपाई ने श्री रवानी के घर पहुंचकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं, महासमुंद के पूर्व सांसद व भाजपा नेता चंदूलाल साहू एवं विधायक राजेश मूणत ने दूरभाष पर शोक व्यक्त किया।

उनके अतिरिक्त जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेंद्र शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, प्रहलाद रजक, अनिल माहेश्वरी, दीपक मोटवानी, राजीव चौबे, सुरेश पटेल, दीपक नामदेव, पूर्व एल्डरमेन गौरव साहू, विकास तंबोली, ताराचंद माहेश्वरी, पत्रकार आनंद साहू, नपाध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रणिश चोबे, पार्षद रश्मि फरेंद्र मिश्रा, रानी डेनिम सेन, जया साहू सहित अनेक लोगों ने दिवंगत श्री रवानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में कैंप का समापन

# समर कैंप से बच्चों में कल्पनाशीलता और सृजनशीलता का होता है विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में समर कैंप के द्वितीय दिवस की शुरुआत बाल गीत लाल टमाटर बड़े मजेदार से हुई और अध्यापिका अंजली ने बच्चों को ताली और चुटकी बजाकर गतिविधि कराई। शाला की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने गिनती आधारित गतिविधि कराई। जिससे बच्चे संख्या को जोड़ना और घटाना सीखे। कहानी के माध्यम से बच्चों द्वारा इबारती सवाल बनाया गया।

खिलौना आधारित बच्चों को पेपर कटिंग कर तितली बनाना सिखाया गया। नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने कहा कि समर कैम्प से बच्चों में कल्पनाशीलता और सृजन शीलता का विकास होता है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों को नई नई चीज सीखने को मिलती है। शैक्षणिक भ्रमण में तालाब, पुल, पेड़ पौधो की पहचान बताया गया। साथ ही साथ ईंट बनाने की मशीन दिखाई गई। समर कैंप के तृतीय दिवस चित्र दिखाकर कहानी लिखने कहा गया और मिट्टी की खिलौने बनवाए।

कैंप के चतुर्थ दिवस शुरुआत बालगीत से हुई। बच्चों को टेनग्राम पॅजल दिया गया। जिससे बच्चों में आकारों को लेकर समझ बनी। बच्चों को कठपुली के माध्यम से कहानी सुनाया गया। जिसे बच्चों ने अपने शब्दों में लिखा। जिससे बच्चों की भाषाई कौशल का विकास होता है। बच्चों के द्वारा फूल पत्तों और बीज से विभिन्न प्रकार की आकृति बनाई गई। बच्चों बहुत उत्साहित होकर कार्य किए। बच्चों को खूब मजा आया। समर कैंप के अंतिम दिवस कैम्प का प्रारंभ बच्चों को कुछ शब्द दिए गए। सायकल, घर, कुत्ता और घर जिस पर बच्चों को कहानी लिखने कहा गया। बच्चों ने बहुत ही अच्छे तरीके से कहानी का निर्माण किया।

कहानी लिखने के पश्चात बच्चों को गर्मी से बचाव के तरीके बताए गए। कैम्प के अंतिम दिवस में बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से कहानी सुनाया गया और जानवरों के आवाज सुनाकर जानवरों पहचान कराया गया। जिसे बच्चे पहचान कर जानवरों का नाम हिंदी और अंग्रेजी में बताया। तत्पश्चात प्रोजेक्टर में नृत्य दिखाकर बच्चों को नृत्य कराया गया। इस प्रकार कैंप का समापन बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कर किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला समेसर की प्रधानपाठिका साधना साहू, शिक्षक दिलीप कुमार जांगड़े, नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सहयोगी अंजली उपस्थित रहीं।

